श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 167, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण | प्रयागराज | शुक्रवार, 22 जनवरी, 2021

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# किसानों ने सरकार के प्रस्ताव को किया खारिज

**नए कृषि कानूनों के डेढ़ साल तक स्थगित करने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव को किसान संगठनों ने खारिज कर दिया है। संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि तीनों कृषि कानून पूरी तरह रद होने चाहिए। बुधवार को किसान नेताओं ने सरकार के प्रस्ताव का स्वागत किया था।**

## तीनों कानून पूरी तरह रद करने की मांग



**नई दिल्ली, जागरण ब्यूरो।** केंद्र सरकार की ओर से डेढ़ साल के लिए नए कृषि कानूनों के अमल पर स्थगन के प्रस्ताव से गतिरोध खत्म होने की जो आशा जगी थी, किसान संगठनों ने उस पर पानी फेर दिया है। गुरुवार को लंबे मंथन के बाद संगठनों की ओर से प्रस्ताव खारिज कर दिया गया। वे कानूनों की वापसी के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) गारंटी की अपनी पुरानी मांग पर अड़े हैं। दरअसल, कहीं न कहीं उनके अंदर यह भावना बलवती हो गई है कि कुछ दिन और डटे रहे तो सरकार झुकेगी। ऐसे में अब फिर से निगाहें सुप्रीम कोर्ट की ओर जाएंगी। उधर, सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित कमेटी ने भी गुरुवार से सुनवाई शुरू कर दी। बुधवार को 10वें दौर की बैठक में सरकार की ओर से तीनों नए कृषि कानूनों के अमल को डेढ़ साल के लिए स्थगित करके एक संयुक्त समिति के गठन की पेशकश की गई थी। समिति में दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों को सदस्य बनाने का प्रस्ताव दिया गया था। सरकार के इस प्रस्ताव पर बुधवार को फौरी तौर पर किसान नेताओं ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की थी, लेकिन गुरुवार को वे इससे मुकर गए।

### प्रस्ताव पर तैयारी कर रही थी सरकार

किसान संगठनों के इस रुख से सरकार के एक कदम आगे बढ़कर समस्या के समाधान की कोशिश को झटका लगा है। इससे गतिरोध बने रहने की आशंका बढ़ गई है। कृषि मंत्रालय में सरकार के प्रस्ताव पर आगे बढ़ने की तैयारियां चल रही थीं ताकि शुक्रवार को होने वाली बैठक में इसे अमली जामा पहनाया जा सके। हालांकि सरकार की ओर से किसान नेताओं के इस फैसले पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### हरियाणा के किसान चाह रहे तीन साल के लिए स्थगित हों कानून

संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से जारी बयान में किसान आंदोलन को पूर्व निर्धारित समय सारणी के हिसाब से ही जारी रखने की बात कही गई है। बैठक में मौजूद एक किसान नेता ने बताया कि हरियाणा के किसानों का कहना था कि यदि सरकार तीनों नए कानूनों को डेढ़ के बजाय तीन साल के लिए निलंबित कर दे और एमएसपी कानून बनाने पर राजी हो जाए तो धरना समाप्त करना ठीक रहेगा। जबकि पंजाब के किसान तीनों कानूनों को रद कराने की मांग पर अड़े हैं। बैठक में विभिन्न राज्यों के किसान नेताओं के उत्पीड़न का मुद्दा भी उठाया गया।

### दिल्ली पुलिस से वार्ता बेनतीजा, ट्रैक्टर रैली पर भी अड़े किसान

किसान 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर रैली को लेकर भी अड़े हुए हैं, जबकि दिल्ली पुलिस ने उन्हें अभी तक इसकी अनुमति नहीं दी है। मोर्चा की ओर से किसान नेता डा. दर्शन पाल ने कहा कि पुलिस ने दिल्ली में प्रवेश नहीं करने की बात कही, वहीं किसानों ने दिल्ली की आउटर रिंग रोड पर रैली करने की बात दृढ़ता से रखी। किसान संगठनों ने स्पष्ट किया है कि ट्रैक्टर रैली शांतिपूर्ण होगी और गणतंत्र दिवस समारोह को किसी भी रूप में बाधित नहीं किया जाएगा। वहीं, पुलिस ने केएमपी एक्सप्रेस वे पर ट्रैक्टर रैली निकालने की सलाह दी।

## यूपी बोर्ड के प्रैक्टिकल एग्जाम की तारीखें घोषित, तीन फरवरी से होंगे शुरू

**यूपी बोर्ड की प्रायोगिक परीक्षा तीन फरवरी से शुरू होगी। प्रायोगिक परीक्षा का दूसरा चरण 13 फरवरी से शुरू होगा। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने प्रायोगिक परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है।**




**प्रयागराज, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) की प्रायोगिक परीक्षा का गुरुवार को ऐलान हो गया। इम्तिहान मंडलवार दो चरणों में होगा और उसकी सीसीटीवी कैमरे से निगरानी कराई जाएगी। पहले चरण की परीक्षा तीन फरवरी से शुरू हो रही है, जबकि दूसरा चरण 13 फरवरी से शुरू होकर 22 फरवरी तक चलेगा। इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए यूपी बोर्ड परीक्षकों की तैनाती करेगा। वहीं, हाईस्कूल में आंतरिक मूल्यांकन प्रधानाचार्य के माध्यम से कराया जाएगा।

यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने प्रायोगिक परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम जारी करते हुए सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। यूपी बोर्ड पहले ही हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की लिखित परीक्षाएं मार्च व अप्रैल में कराने का संकेत एकेडमिक कैलेंडर में दे चुका है। संभव है कि जल्द ही परीक्षा कार्यक्रम का भी ऐलान हो जाए।

50 प्रतिशत अंक आंतरिक व इतने ही वाह्य परीक्षक दे सकेंगे : यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि इंटरमीडिएट के प्रयोगात्मक विषयों में 50 प्रतिशत अंक आंतरिक परीक्षक व इतने ही अंक वाह्य परीक्षक देंगे। वहीं, व्यक्तिगत परीक्षार्थियों के लिए जो कॉलेज प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए निर्धारित होगा, वहां संबंधित विषयों के शिक्षक 50 प्रतिशत अंक आंतरिक मूल्यांकन के तहत देंगे और वाह्य परीक्षक भी इतने ही अंक दे सकेंगे।

सीसीटीवी की निगरानी : इंटरमीडिएट परीक्षा में पंजीकृत संस्थागत व व्यक्तिगत परीक्षार्थियों की अनिवार्य विषय खेल व शारीरिक शिक्षा की प्रयोगात्मक परीक्षा विद्यालय स्तर पर प्रधानाचार्य की ओर से कराई जाएगी। सचिव ने बताया कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए प्रायोगिक परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में कराई जाएंगी। संबंधित रिकॉर्डिंग प्रधानाचार्य सुरक्षित रखेंगे और परिषद के मांगने पर क्षेत्रीय कार्यालय को उपलब्ध कराना होगा।

हाईस्कूल में आंतरिक मूल्यांकन : हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षा विद्यालय स्तर पर आंतरिक मूल्यांकन के तहत इस बार भी होंगी। व्यक्तिगत परीक्षार्थी अग्रसारण केंद्र के प्रधानाचार्य से संपर्क करके परीक्षा में शामिल होंगे। सचिव ने कहा कि हाईस्कूल की प्रयोगात्मक परीक्षा, नैतिक खेल व शारीरिक शिक्षा व इंटरमीडिएट के खेल व शारीरिक शिक्षा के प्राप्तांक कालेजों के प्रधानाचार्य के माध्यम से परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड किए जाएंगे। 25 जनवरी से वेबसाइट इस कार्य के लिए शुरू होगी।

शारीरिक दूरी का कड़ाई से अनुपालन : यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने आदेश दिया है कि परीक्षा में कोविड-19 से बचाव के सभी निदेशों का कड़ाई से पालन किया जाए। शारीरिक दूरी के साथ परीक्षाएं कराई जाएं।

## कृषि कानूनों के समर्थन में अब मैदा मिलों ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की दो मैदा मिलों ने कृषि कानूनों के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। फ्लोर मिलों ने अदालत से गुहार लगाई है कि केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया जाए कि वे इन कानूनों को लागू करें।**



**माला दीक्षित, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में जहां एक ओर नए कृषि कानूनों के खिलाफ कई याचिकाएं लंबित हैं जिनमें कोर्ट से कानूनों को रद करने की मांग की गई है, वहीं अब कानूनों का समर्थन करने वाला वर्ग भी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ की दो मैदा मिलों ने कृषि कानूनों के समर्थन में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया है कि केंद्र सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दिया जाए कि वे इन कानूनों को लागू करें।

सुप्रीम कोर्ट में यह याचिका रामवे फूड्स लिमिटेड और आरसीएस रोलर फ्लोर मिल्स लिमिटेड ने वकील डीके गर्ग के जरिये दाखिल की है। मैदा मिलों ने इसमें रोजगार की आजादी और जीवन के अधिकार की दुहाई है। याचिका में कहा गया है कि देश में करीब 2,000 रोलर फ्लोर मिल्स हैं जो बड़े पैमाने पर आटा, मैदा, सूजी और ब्रान का उत्पादन करती हैं। ये मिलें गेहूं की बड़ी उपभोक्ता हैं जिसे वे कच्चे माल के तौर पर खरीदती हैं।

फ्लोर मिलों का कहना है कि वे कृषि उपज के बड़े स्टेक होल्डर (पक्षकार) हैं इसलिए कोर्ट द्वारा गठित कमेटी में उनके प्रतिनिधि भी होने चाहिए ताकि कानूनों का समर्थन करने वाले उन लोगों की मुश्किलों और शिकायतों पर भी विचार हो।

याचिका में कहा गया है कि रोलर फ्लोर मिल्स देश में कुल गेहूं का करीब 30 फीसद उपयोग करती हैं जिससे आटा, मैदा, सूजी तैयार होती हैं जो आवश्यक वस्तुएं हैं और लोग रोज इनका उपयोग करते हैं। इसके अलावा इनके द्वारा तैयार आटा, मैदा और सूजी का लार्ज एंड स्माल स्केल इंडस्ट्री जैसे बेकरी, बिस्कुट और कंफेक्शनरी उपयोग करती हैं। ये इंडस्ट्रीज थोक और फुटकर दोनों जरूरतों के लिए रोलर फ्लोर मिलों पर निर्भर रहती हैं।

याचिका में कहा गया है कि चारा उत्पादन इंडस्ट्री, दूध डेयरी आदि भी इन मिलों के प्रोसेस्ड उत्पादों जैसे भूसी आदि का उपयोग करती हैं। ऐसे में यह उनके लिए भी जरूरी है। रोलर फ्लोर मिल्स खुले बाजार और मंडी से थोक में गेहूं खरीदती हैं। ये मिलें माइक्रो, स्माल एंड मीडियम इंटरप्राइजेस की श्रेणी में आती हैं और ये सीधे तथा परोक्ष रूप से लोगों को रोजगार उपलब्ध कराती हैं।

याचिका में मौजूदा व्यवस्था की खामियां गिनाते हुए कहा गया है कि ज्यादातर राज्यों में किसानों और व्यापारियों को मजबूरन 150 से 200 रुपये प्रति क्विंटल तक गैरजरूरी खर्च करना पड़ता है। यह रकम विभिन्न मंडियों और थोक बाजारों के मूल्य में अंतर के हिसाब से तय होती है।

नया कानून लागू होने के बाद गेहूं की खरीद मंडी से बाहर भी हो सकती है, ऐसे में फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री जैसे याचिकाकर्ता हैं, सीधे किसान से कच्चा माल यानी गेहूं खरीदेंगे और इससे यह गैरजरूरी खर्च बचेगा। कोर्ट को नए कानूनों के प्रविधानों पर विचार करना चाहिए। इनमें किसानों के हित संरक्षित किए गए हैं और बेचे गए अनाज की रकम तीन दिन के भीतर किसानों को देने का प्रविधान है। ऐसा नहीं होने पर किसान एसडीएम या संबंधित अथारिटी से शिकायत कर सकते हैं। इसलिए ये कानून किसानों और याचिकाकताओं दोनों के हित में हैं।

### मौजूदा व्यवस्था की खामियां गिनाई

- कच्ची आढ़त जो मंडी के बिचौलिए को दी जाती है दो फीसद।
- मंडी समिति दो फीसद मंडी शुल्क लेती है।
- इसके अलावा मंडी समिति 0.5 फीसद सेस वसूलती है।
- थोक व्यापारी या आढ़ती दी फीसद कमीशन या आढ़त शुल्क लेते हैं।
- बोरे चढ़ाने-उतारने और बोरे भरने की मजदूरी 1.5 फीसद।
- गेहूं रखने के लिए बोरे की जरूरत होती है। एक क्विंटल का एक बोरा 40 रुपये का आता है।

## उत्तर भारत में फिर चलेंगी बफीर्ली हवाएं, जानें दिल्ली-यूपी-बिहार सहित अन्य राज्यों के मौसम का हाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के उत्तरी हिस्से में कड़ाके की ठंड जारी है। पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी के कारण तापमान में गिरावट नजर आ रही है। राजधानी में बफीर्ली हवाओं ने बुधवार को भी जमकर ठंड का प्रकोप दिखाया। हवाओं के इस बफीर्ले कहर से गुरुवार को भी राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। हालांकि 22 से 24 जनवरी के बीच एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। जिसकी वजह से राजधानी के लोगों को ठंड से थोड़ी तौर पर राहत मिलेगी। इस दौरान बादल छाए रहेंगे, लेकिन अधिकतम और न्यूनतम तापमान में वृद्धि होगी। मौसम फिर बदलने के आसार नजर आ रहे हैं। 22 से 24 जनवरी के बीच देश के उत्तर पश्चिमी राज्यों में बादलों का डेरा रहेगा। कुछ जगहों पर बारिश की संभावना है। दिल्ली में बृहस्पतिवार को न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया और नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण इसमें अगले दो दिन में हल्की बढ़ोतरी होने का भी अनुमान है। आईएमडी के मुताबिक, नया पश्चिमी विक्षोभ शुक्रवार से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करना शुरू करेगा। इसलिए दिल्ली के न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी का अनुमान है।पश्चिमी विक्षोभ के कारण पश्चिमी हिमालय के ऊपरी पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का अनुमान है। बर्फ से ढके पहाड़ों से सर्द, शुष्क हवाओं के आने से सोमवार तक दिल्ली का तापमान चार डिग्री सेल्सियस पर पहुंच सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 22 जनवरी को जम्मू कश्मीर में बारिश के आसार हैं। वहीं बिहार अगले तीन दिनों तक कोहरे की चपेट में रहेगा। मध्य प्रदेश में मौसम लगातार अपना मिजाज बदलता नजर आ रहा है। कभी आसमान में बादल, कभी बारिश तो कभी तेज ठिठुरन भरी सर्दी लोगों को परेशान कर रही है। 22 जनवरी को उत्तर भारत के पहाड़ी क्षेत्रों में एक और पश्चिमी विक्षोभ आने के आसार हैं जिससे सूबे में बादल छाने लगेंगे और न्यूनतम तापमान में फिर बढ़ोतरी हो सकती है।

## कोरोना संक्रमण में गिरावट का दौर जारी, देश में स्वस्थ होने वालों की दर 96 फीसद से ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** भारत में कोरोना संक्रमण में गिरावट का दौर जारी है। पिछले 14 दिन से नए मामलों की संख्या 20 हजार से नीचे बनी हुई है। इसके अलावा 24 दिनों से 300 से कम मौतें हो रही हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान देश में कोरोना संक्रमण के 15,223 नए मामले सामने आए हैं। इस अवधि में 151 लोगों की मौत भी हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा गुरुवार सुबह आठ बजे जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, देश में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 1,06,10,883 हो गई है। मृतकों की संख्या भी 1,52,869 हो चुकी है। आंकड़ों के मुताबिक, 1,02,65,706 लोग अब तक स्वस्थ हो चुके हैं। इससे राष्ट्रीय स्तर पर स्वस्थ होने वालों की दर 96.75 फीसद हो चुकी है, जबकि मृत्यु दर घटकर 1.44 फीसद रह गई है।



कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या पिछले कुछ दिनों से लगातार दो लाख से नीचे बनी हुई है। गुरुवार को सक्रिय मामलों की संख्या 1,92,308 थी, जो कुल मामलों का 1.81 फीसद है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के मुताबिक, 20 जनवरी तक कुल मिलाकर 18,93,47,782 नमूनों की जांच की गई। इनमें से 7,80,835 नमूनों की जांच अकेले बुधवार को की गई।

जिन 151 लोगों की मौत हुई है, उनमें सबसे अधिक 59 महाराष्ट्र के हैं। इसके अलावा 18 मरीजों की मौत केरल और 10-10 की मौत दिल्ली और छत्तीसगढ़ में हुई है। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि मृतकों में ज्यादातर लोग कोरोना संक्रमण के अलावा अन्य बीमारियों से भी ग्रस्त थे। नए संक्रमितों में 72 फीसद मामले छह राज्यों-केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात, छत्तीसगढ़ और कर्नाटक से हैं।

बता दें कि देश में कोरोना महामारी के बीच टीकाकरण भी शुरू हो गया है। पहले चरण के टीकाकरण में तीन करोड़ लोगों का लक्ष्य रखा गया है।

## आयुर्वेद चिकित्सकों ने 1 फरवरी से देशव्यापी भूख हड़ताल की घोषणा की

**भारतीय चिकित्सा संघ यानी आईएमए ने स्नातकोत्तर डिग्रीधारक आयुर्वेद चिकित्सकों को सामान्य सर्जरी की अनुमति देने से संबंधित सरकार की अधिसूचना के खिलाफ पहली फरवरी से आर पार की लड़ाई का एलान किया है।**





**नई दिल्ली, पीटीआइ।** भारतीय चिकित्सा संघ यानी आईएमए ने स्नातकोत्तर डिग्रीधारक आयुर्वेद चिकित्सकों को सामान्य सर्जरी की अनुमति देने से संबंधित सरकार की अधिसूचना के खिलाफ निर्णायक जंग का एलान किया है। आईएमए गुरुवार को केंद्रीय भारतीय औषधि परिषद की ओर से जारी अधिसूचना के विरोध में एक फरवरी से डॉक्टरों की अखिल भारतीय भूख हड़ताल की घोषणा की।

केंद्रीय भारतीय औषधि परिषद की ओर से जारी अधिसूचना में स्नातकोत्तर डिग्रीधारी आयुर्वेद चिकित्सकों को सामान्य सर्जरी करने की इजाजत देने की बात कही गई है। भारतीय चिकित्सा संघ यानी आईएमए का कहना है कि सरकार की ओर से जारी ऐसा आदेश मिक्सोपैथी को जन्म देगा। आईएमए की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि वह हेल्थकेयर इंडिया बचाओ आंदोलन लॉन्च करने के लिए देश भर में निर्देश जारी कर रहा है। आइएमए का कहना है कि इस अभियान के तहत वह देशभर में बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाएगा क्योंकि उक्त आदेश लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा पैदा करने वाला है। बयान में यह भी कहा गया है कि उसके सदस्य डॉक्टर पहली फरवरी से 24 घंटे पूरे हफ्ते भूख हड़ताल पर बैठेंगे। आईएमए इस आंदोलन के लिए पोस्टर और बैनर भी जारी करेगा। यही नहीं उसके सदस्य सांसदों और विधायकों को भी उक्त अधिसूचना के मसले पर जागरूक करेंगे। भारतीय चिकित्सा संघ यानी आईएमए पहले भी इस मसले पर धरना प्रदर्शन आयोजित करता रहा है। बीते आठ दिसंबर को आईएमए के बैनर तले डॉक्टरों ने देशभर में प्रदर्शन किया था। आईएमए के सदस्?ों का कहना है कि इस कदम से अव्यवस्था फैल जाएगी। आईएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजन शर्मा समेत संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने सरकार से उक्त फैसले को वापस लेने की मांग की थी। यहीं नहीं 11 दिसंबर को उत्तर प्रदेश में हजारों निजी चिकित्सकों ने अपना कामकाज ठप कर दिया था।

उल्लेखनीय है कि परास्नातक आयुर्वेद सर्जरी की प्रक्रिया के तहत 58 ऑपरेशन को सेंट्रल काउंसिल ऑफ इंडियन मेडिसिन (सीसीआइएम) की ओर से मंजूरी दी गई है। पिछले महीने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आइएमए) ने आयुर्वेद के चिकित्सकों को केंद्र सरकार की ओर से सामान्य सर्जरी का प्रशिक्षण दिए जाने की अनुमति देने के विरोध में सुप्रीम कोर्ट का भी दरवाजा खटखटाया था। आइएमए ने अपनी याचिका में कहा था कि परिषद के पास आधुनिक चिकित्सा के पाठ्यक्रम में इसे शामिल करने का अधिकार नहीं है।

## टीकाकरण के दूसरे चरण में पीएम मोदी लगवाएंगे कोरोना वैक्सीन, सभी मुख्यमंत्रियों को भी लगेगा टीका

**टीकाकरण के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुख्यमंत्री भी कोरोना वैक्सीन लगवाएंगे। इसके तहत 50 साल से अधिक उम्र और गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों का नंबर आएगा। भारत में कोरोना के 1.92 लाख एक्टिव मरीज हैं।**



**नई दिल्ली, जेएनएन।** कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कोरोना वायरस का टीका लगवाएंगे। पीएम मोदी के अलावा सभी राज्यों के मुख्यमंत्री भी वैक्सीन लेंगे। जानकारी के मुताबिक इसका उद्देश्य आम लोगों में कोरोना के टीके के प्रति भरोसा कायम करना है। बता दें कि दूसरे चरण के तहत 50 साल से अधिक उम्र वालों एवं अन्य बीमारियों से ग्रस्त 27 करोड़ लोगों का टीकाकरण की योजना है। ऐसे में सभी मुख्यमंत्री जिनकी उम्र 50 साल से अधिक है दूसरे चरण के दौरान कोरोना की वैक्सीन लगाई जाएगी।

भारत में 16 जनवरी से कोरोना वायरस महामारी के खिलाफ दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान शुरू हुआ है। भारत में कोविशील्ड और ह्यकोवैक्सीनह्न टीके को आपात इस्तेमाल की मंजूरी दी गई है। कोविड-19 से बचाव के लिए टीके की खुराक सबसे पहले एक करोड़ स्वास्थ्य कर्मियों को और इसके बाद दो करोड़ अग्रिम मोर्चे पर काम करने वाले कर्मियों को दी जा रही है।

टीकाकरण अभियान का शुभारंभ करते हुए पीएम मोदी ने बताया था कि वैक्सीन सबसे पहले उन्हें दी जाएगी, जिन्हें इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है। उनके अनुसार सबसे अधिक जोखिम उठाने वाले डॉक्टर, नर्स, अस्पताल के सफाई कर्मचारी और पैरा-मेडिकल स्टाफ को सबसे पहले टीका लगेगा। उसके बाद जरूरी सेवाओं और देश की रक्षा व कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वालों को वैक्सीन दी जाएगी, जिनमें सुरक्षाबल के जवान, पुलिसकर्मी, फायरब्रिगेड के लोग और सफाई कर्मचारी शामिल हैं। इसके बाद 50 साल से अधिक उम्र और गंभीर बीमारी से ग्रसित लोगों का नंबर आएगा।

भारत में कोरोना महामारी के खिलाफ जारी टीकाकरण के दौरान बीते 24 घंटे में वायरस के 15,223 नए मामले सामने आए हैं। देश में संक्रमण के मामले बढ़कर 1.6 करोड़ हो गए है, जिनमें से 1.2 करोड़ लोग संक्रमण मुक्त भी हो चुके हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, वायरस से अब तक 1,52,869 लोगों की मौत हुई है। देश में कोविड-19 से मृत्यु दर 1.44 प्रतिशत है।

## संक्षेप समाचार

### नौ फरवरी से ऑफलाइन मोड में होंगी परीक्षाएं

**प्रयागराज।** उत्तर प्रवेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में नौ फरवरी से ऑफलाइन मोड में परीक्षाएं दो पालियों में होगी। यह निर्णय परीक्षा समिति की बैठक में लिया गया है। इस पर परीक्षा प्रणाली में बदलाव कर दिया गया है। पिछले सत्रों में प्रश्न पत्र बहुविकल्पीय होते थे। लेकिन इस बार सामान्य प्रश्न पत्रों की तरह निबंधात्मक (लिखित) परीक्षा कराई जाएगी। इसके लिए तीन घंटे का समय दिया जाएगा। इसके अलावा विश्वविद्यालय में दो पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त शिक्षार्थियों के प्रश्न पत्रों की परीक्षा तिथि एवं समय एक साथ पड़ जाने पर विवि उसमें किसी प्रकार का संशोधन नहीं करेगा। परीक्षा से एक सप्ताह पूर्व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रवेश पत्र अपलोड कर दिया जाएगा। परीक्षा नियंत्रक डीपी सिंह की तरफ से विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया गया। नौ फरवरी से 25 मार्च तक दो पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। पहली पाली में सुबह 9 से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली में दोपहर 1 से शाम 4 बजे का समय निर्धारित किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए इस बार नंबर भी सार्वजनिक किए हैं।

## तमंचे की नोक पर बदमाशों ने लूटे पंद्रह हजार, एक गिरफ्तार

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के डीपीएस स्कूल के समीप गुरुवार को दो शातिरों ने एक ई रिक्शा चालक को तमंचे की नोक पर उससे पंद्रह हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। भुक्तभोगी की तहरीर मिलने पर पुलिस ने उक्त दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लूट के 12 सौ रूपए नकदी व खिलौनानुमा पिस्टल बरामद की है।



जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित चक दाउद नगर निवासी सौरभ साहू पुत्र बनारसी लाल साहू गुरुवार सुबह लगभग 11:00 बजे ई रिक्शा लेकर कॉटन मिल तिराहे के समीप खड़ा था। तभी देवरख गांव निवासी सुग्रीव तिवारी पुत्र बैजनाथ तिवारी और उसका साथी महेवा निवासी सनी पटेल पुत्र मदन पटेल पहुंचे और डीपीएस स्कूल के समीप छोड़ने की बात कहने लगे। जब ई रिक्शा चालक सौरभ साहू ने उन्हें बैठाकर डीपीएस स्कूल के समीप पहुंचा तो दोनों ने उसकी कनपटी पर तमंचा सटा दिए और उसके जेब में रखें लगभग 15000 लूट कर फरार हो गए। लूट की सूचना मिलते ही घटित वारदात स्थल पर पुलिस पहुंची और जांच-पड़ताल की। वहीं ई रिक्शा चालक की तहरीर मिलने पर पुलिस ने नैनी कोतवाली में उक्त दोनों के खिलाफ लूट का मुकदमा दर्ज कर ताबड़तोड़ दबिश देकर आरोपी सुग्रीव तिवारी को गिरफ्तार कर लिए। समाचार लिखें जाने तक फरार आरोपी की तलाश में पुलिस की दबिश जारी रही।

## बोलेरो सवार बेखौफ चोरों ने बकरे को बनाया निशाना

**बीस हजार कीमत के बकरे को गाड़ी में लादकर फरार**

**फूलपुर।** बिना नंबर की बोलेरो पर सवार बेखौफ चोरों ने सड़क किनारे बंधे बकरे को गाड़ी में लाद लिया। आसपास के लोग कुछ समझ पाते तब तक बोलोरो सवार चोर बकरे को लेकर फरार हो गए। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के लिलहट गांव निवासी मोहम्मद इस्माइल पुत्र मोहम्मद यूनुस का रोड पर ही मकान है। भुक्तभोगी ने बताया कि गुरुवार की शाम करीब सात बजे सब घर में बैठे थे तभी बिना नम्बर की एक बोलोरो दरवाजे पर रूकती है और पास में बंधे बकरे को बोलोरो में लादकर भाग गए। उसने बताया की बकरे की कीमत लगभग बीस हजार रुपए थी। भुक्तभोगी ने घटना की सूचना 112 पुलिस को दे दी । घटना से गांव में दहशत का माहौल है।

## व्यापारी किसान एवं युवाओं के साथ केंद्र सरकार कर रही धोखा : योगेश यादव

**खीरी।** समाजवादी पार्टी के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष योगेश यादव एवं पूर्व सांसद श्यामाचरण गुप्ता द्वारा जमुनापार में कई स्थानों पर बैठक कर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की एवं आगामी 2022 के चुनाव के बारे में कार्यकर्ताओं को अहम संदेश दिया। बताते चलें कि समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद श्यामाचरण गुप्ता एवं जिला अध्यक्ष योगेश यादव का स्वागत समारोह एवं बैठक विजय केसरी एवं जिला सचिव माशूक अहमद के आवास पर आहूत की गई जहां पर योगेश यादव ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार पूर्णतया युवा किसान व्यापारी भाइयों का पूर्णतया विरोधी है पिछले लगभग 65 दिनों से किसान विरोधी बिल को लेकर किसान धरने पर बैठे हैं परंतु नरेंद्र मोदी जी को उनकी आवाज सुनाई नहीं दे रही है। इसी क्रम में श्यामाचरण गुप्ता जी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार व्यापारियों को नोटबंदी इंस्पेक्टरराज लॉकडाउन के




कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते श्यामाचरण गुप्त व योगेश यादव

बाद समझने का तनिक भी मौका नहीं दिया बल्कि उनके ऊपर जीएसटी आदि बिलो को थोपकर परेशान करने का कार्य कर रही है' इसी क्रम में किताब अली ने कहा कि जो लोग भी राज्य एवं केंद्र सरकार का विरोध कर रहे हैं उन्हें आतंकवादी या देशद्रोही कहा जा रहा है जिसके कारण सरकार के खिलाफ लोगों ने आक्रोश है और जिसका परिणाम राज्य सरकार को आगामी 2022 के चुनाव में देखने को मिलेगा और एक बार फिर से समाजवादी पार्टी की सरकार सूबे में बनने जा रही है। उक्त मौके पर हरि कृष्ण यादव, शिवाकांत यादव, तेज बहादुर सिंह, प्रमोद सिंह, कल्लू पहलवान, बाबा चौरसिया, दीपेंद्र सिंह, बद्री यादव, गुलफाम खान, भागीरथी केसरी, फुर्सत खान, इनताज खान, मोहम्मद चांद, महफूज अहमद नसीम अहमद अशोक यादव ,नफीस अहमद, मोनू चौरसिया, सिराज खान, गोलू जायसवाल, राय साहब ,आदि लोग के साथ सैकड़ों की संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अधिवक्ताओं ने तहसील कार्यालय में जड़ा ताला

**दामोदरपुर झूसी में सृष्टि नाथ तिवारी का मकान जमीनदोज करने का मामला**

**फूलपुर।** तहसील फूलपुर के अधिवक्ताओं ने बृहस्पतिवार दोपहर को तहसील के समस्त कार्यालय में तालाबंदी कराने के बाद जुलूस में एसडीएम युवराज सिंह एवं तहसीलदार रमेश चंद्र पांडे के खिलाफ नारेबाजी करते सीओ फूलपुर रामसागर के कार्यालय पहुंचकर तहसील स्तरीय अधिकारियों के खिलाफ एक ज्ञापन सीओ फूलपुर को सौंपते हुए दिनांक 20 जनवरी को दामोदरपुर उर्फ तिवारीपुर में अधिवक्ता सृष्टि नाथ तिवारी मुख्य चुनाव अधिकारी बार एसोसिएशन फूलपुर का 50 वर्ष पुराना कच्चा रिहायशी मकान एसडीएम तहसीलदार हल्का लेखपाल पीएसी पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी द्वारा ध्वस्त करा दिया गया बृहस्पतिवार को तहसील खुलते ही



ज्ञापन सौंपने पहुंचे अधिक्ता

अधिवक्ता लामबंद हो गए अधिवक्ता शमीम अहमद सिद्दीकी सौरव यादव सृष्टि नाथ तिवारी अरविंद यादव राम अभिलास पटेल आदि ने कहा कि जब तक तहसील प्रशासन पर एफ आई आर नहीं होगी और गिराया गया मकान पुनः नहीं बनेगा लूटे गए सामान वापस न होंगे तब तक आंदोलन जारी रहेगा जुलूस में मुख्य रूप से जाकिर सैयद, चंद्रभान यादव, एसपी तिवारी, रामराज तिवारी, प्रकाश यादव, उमाकांत अवस्थी, राहुल त्रिपाठी, दिनेश कुमार, मोहम्मद शाहबाज, चंद्र भूषण यादव, अजय तिवारी, फूल सिंह यादव, विक्रम प्रजापति आदि लोग मौजूद रहे।

## बीते 4 दिनों से मेजा से गायब छात्र कोरांव में मिला

**उरुवा।** बीते 4 दिनों से मेजा से गायब किशोर कोरांव में मिला। अपने बच्चों को पाकर परिजन खुश हुए और मामले की जानकारी मेजा पुलिस को दी। ज्ञात हो कि मेजा थाना अंतर्गत जमुआ कूची निवासी राज कुमार कोल पुत्र जालंधर कोल ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी, कि उसका 12 वर्षीय लड़का आकाश जमुआ स्थित पूर्व माध्यमिक स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र है। रोज की भांति 18 जनवरी को सुबह स्कूल के लिए घर से निकला लेकिन स्कूल पहुंचने के पहले ही वह गायब हो गया। गायब किशोर जिसका नाम आकाश है। गुरुवार को दोपहर कोरांव बाजार में रो रहा था । वहां देखने वालों की भीड़ लग गई उसी भीड़ में से राजकुमार कोल का दूर का रिश्तेदार भी था। जब उसने रोते हुए छात्र को देखा तो पता किया तो उसको जानकारी हुई कि जमुआ कूची का राजकुमार कोल का लड़का है, तो स्वयं उसके घर गायब आकाश को लेकर पहुंच गया। जानकारी के लिए बता देना चाहता हूं कि पीड़ित पिता का 2 वर्ष पहले भी उसका 14 वर्षीय लड़का अंशु इसी तरह से गायब हुआ था जिसका आज तक कुछ पता नहीं चला।

## संदिग्ध हालत में फांसी के फंदे से लटकती मिली विवाहिता की लाश

**सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया**

**घूरपुर।** क्षेत्र के अमिलिया गांव में बुधवार की रात एक टेंट कारोबारी की पत्नी संदिग्ध हाल में फांसी पर लटकती लाश मिली। परिजनों ने शव को नीचे उतार गुरुवार की सुबह पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंची तो विवाहिता के मायके पक्ष के लोग भी आ गए। मायके पक्ष के लोगों ने हत्या की आशंका की तो पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के मौत के कारण स्पस्ट होने की बात कही है।

कौंधियारा थाना क्षेत्र के अकोढ़ा गांव निवासी शिवलाल साहू ने अपनी पुत्री उमा देवी (25) की शादी घूरपुर के अमिलिया गांव निवासी द्वारिका प्रसाद के पुत्र मनोज के साथ वर्ष 2013 में की थी। इस बीच उमा देवी ने एक बेटी और एक बेटे को भी जन्म दिया। उमा का पति टेंट व्यवसाई है ।बुधवार के दिन वह कही टेंट के कार्य हेतु गया था। रात 11 बजे घर आया तो पत्नी उमा बरामदे के छत में लगे फैन हुक से साड़ी के फंदे के सहारे झूल रही थी। आनन फानन में मनोज ने उसे उतारा और देखा तो उसकी सांसे थम चुकी थी। रात में ही मनोज ने फोन करके पत्नी की मौत की सूचना उसके मायके पक्ष के लोगों को दी।सुबह पुलिस को सूचना हुई तो मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया तो पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम होने के बाद रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही है।

## दहेज की मांग न पूरी होने पर पत्नी को दिया तीन तलाक, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** दहेज की मांग न पूरी होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को जम कर उत्पीड़न किए फिर पति ने पत्नी को तीन तलाक देकर भगा दिया। पति सहित आठ के खिलाफ सी ओ के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सरायगनी निवासनीय असफिया बानों पुत्री मुस्ताक अहमद की शादी 2014 में मऊआइमा के ग्राम रजवापुर घीनपुर निवासी आशिक अली पुत्र सादिक अली के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराली अतिरिक्त दहेज की मांग करते चले आ रहे थे। तथा दहेज के लिए प्रताडित भी करते रहे। दहेज की मांग न पूरी होने पर पति ने पत्नी को तीन तलाक देकर ससुराल से भगा दिया। असफिया बानों ने इसकी फरियाद सीओ के यहां लगायी। सीओ के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने असफिया बानों के पति आशिक अली, ससुर सादिक अली, ननदें एंव जेठानी नाम अज्ञात तथा जेठ के पुत्र अरसान अली और अरमान अली तथा नन्दोई अख्तर अली के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।



पुलिस की गिरफ्त में वांछित अभियुक्त

## घर में चोरी करने वाला एक नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लालापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रयागराज के कुशल निर्देशन में तलाश व वांछित अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक यमुनापार एवं क्षेत्राधिकारी बारा के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष लालापुर अमित कुमार राय व उनकी पुलिस टीम द्वारा गुरुवार को मुखबिर खास की मदद से एक नफर चोर व उसके पास से चोरी किये गये माल को सकुशल बरामद किया गया। उल्लेखनीय है कि 14 जनवरी 2021 को ग्राम जगदीशपुर में छोटू निषाद के घर से रात्रि में चोरी हुई थी, जिसके सम्बंध में थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत है। जिसके माल व मुल्जिम की तलाश में पुलिस टीम द्वारा लगातार दबिश दी जा रही थी कि मुखबीर खास की मदद से अभियुक्त चोर हरीश चन्द्र निषाद पुत्र स्व गंगा प्रसाद निषाद, निवासी ग्राम जगदीशपुर, थाना लालापुर, जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया व उसके कब्जे से चोरी किये गये पूरे सामान को बरामद करने में उल्लेखनीय सफलता हासिल हुई। अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## इनकम टैक्स ऑफिसर बन बदमाशों ने व्यापारी से मांगी रंगदारी

**नैनी।** कोतवाली क्षेत्र के नई बाजार चौराहे पर स्थित एक किराना व्यापारी से बुधवार रात स्कार्पियो सवार बदमाशों ने दुकानदार को धमकाते हुए रंगदारी मांगने लगे। दुकानदार ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुँची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करते हुए सीसी टीवी फुटेज चेक किया। जिसके आधार पर स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर नैनी कोतवाली उठा लाए। जानकारी के मुताबिक नैनी कोतवाली क्षेत्र के त्रिवेणी नगर निवासी अजय केसरवानी पुत्र प्रेम चंद्र केसरवानी किराने की दुकान चलाते हैं। अजय के मुताबिक बुधवार रात लगभग 9:00 बजे एक सफेद स्कॉर्पियो में सवार दो युवक दुकान पर पहुंचे और उससे खुद को इनकम टैक्स ऑफिसर बताते हुए दुकान का कागजात व दो हजार रुपये मांगने लगे। इसी दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। जिसके बाद दुकानदार ने नैनी पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलने पर डिप्टी एसपी शुभम तोदी फोर्स के साथ पहुंचे और घटना की जांच कर मौके पर सीसी टीवी चेक किया। जिसके आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। वहीं बरामद स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर नैनी कोतवाली उठा लाए। भुक्तभोगी की तहरीर मिलने पर पुलिस ने नैनी कोतवाली में नैनी गांव निवासी पवन कुमार व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश में जुटे हुए हैं।

## मनाया गया राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस

**सोरांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोरांव की ओर से किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस के रूप में सब सेंटर, एवं हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, गोहरी एवं मोहनगंज में मनाया गया इसकी अध्यक्षता सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सी एचओ सुनील के द्वारा एवं एएनएम श्रीमती आराधना यादव के द्वारा की गई इसी दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सुनील कुमार के द्वारा बताया गया कि आप साफ सफाई रखें एवं स्वच्छता के साथ रहें जिससे कि आप लोगों को बीमारियां कम लगे स्वच्छता ही जीवन का उद्देश्य है जिससे कि हम बीमारियों से बच सकते हैं इसी दौरान आराधना यादव जी के द्वारा बताया गया कि आप मौसम की सब्जियां खाएं जिससे कि आपको पौष्टिक भोजन मिले इसी दौरान संगीता साहू आशा बहन जी के द्वारा भी महावारी की बात की गई महावारी में स्वच्छता रखना है जरूरी यही बात किशोर किशोरियों को समझाएं गई इसी दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



कार्यक्रम में बच्चों व महिलाओं को स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते सीएचओ सुनील कुमार

सोरांव प्रयागराज से आए हुए ओम सिंह किशोर किशोरी स्वास्थ्य परामर्शदाता जी के द्वारा समस्त किशोर किशोरियों को बताया गया कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस के रूप में आज मनाया जा रहा है और ओम सिंह के द्वारा बताया गया कि किशोरावस्था में शारीरिक परिवर्तन विभिन्न तरह के होते हैं जैसे की दाढ़ी मूछें आना कंधे चौड़े होना छाती चौड़ा होना छाती पर बाल आना प्रजनन अंगों का विकास होना, लड़कियों में महावारी का आना, लड़कों में स्वपनदोष होना, यह सब किशोरावस्था में परिवर्तन होते हैं, किशोरावस्था में शारीरिक मानसिक भावात्मक लैंगिक बदलाव होते हैं जो एक आम बात है, इन परिवर्तनों से घबराना नहीं चाहिए किशोरावस्था बालपन से लेकर व्यस्ता तक के बीच का समय है होता है जिसमें शारीरिक बदलाव होते हैं किशोर सरमिले होते हैं, स्वस्थ रहें और अपने जीवन को सही तरीके से बताएं जिससे कि और बेहतर समाज की कल्पना करें स्वस्थ भारत की कल्पना करें जय हो भारत, इसी दौरान समस्त आशाएं उपस्थित रहे समस्त फिर एजुकेटस उपस्थित रहे गांव के किशोर किशोरी एवं उनके माता-पिता उपस्थित रहे ज्यादा से ज्यादा मात्रा में इसमें श्रीमती आराधना यादव जी की अध्यक्षता में यह उपरोक्त प्रकरण हुआ और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सुनील कुमार उपस्थित रहे इसी दौरान समस्त किशोर किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन पैड आयरन की गोली अल्बेंडाजोल की गोली कैल्शियम की गोली वितरण किया गया और इसी दौरान कुछ क्यूज प्रतियोगिता कराई गई इसमें प्रथम पुरस्कार अंकिता पटेल को मिला दीप्ति नाम रंजना पटेल को मिला तृतीय इनाम कोमल पटेल को मिला यह गोरी सब सेंटर पर के बच्चे हैं एवं इसी दौरान मोहनगंज सब सेंटर के बच्चों को प्रथम पुरस्कार आंचल भारतीय को मिला द्वितीय इनाम रुचि पाल को मिला तृतीय नाम विशाल कुमार भारतीय को मिला।

## पशु चिकित्सकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न



पशु चिकित्सकों को जागरूक करते विशेषज्ञ

**नवाबगंज।** बुधवार को जनपद के विकास भवन के सरस भवन प्रांगण में ग्लैण्डर्स एवं फार्सी रोग हेतु आयोजित कार्यक्रम में पशु चिकित्सकों का प्रशिक्षण दिया गया। ग्लैण्डर्स एवं फार्सी रोग एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद रहे। नोड्ल अधिकारी डॉ0 विनय कुमार द्विवेदी ने बताया कि यह बीमारी ज्नोटिक बीमारी है। यह बीमारी प्रायः घोड़ा, खच्चर एवं गधे से शुरू होकर मनुष्यों में फैलती है। ऐसी बीमारी की रोकथाम करना अति अवश्यक है। श्री द्विवेदी ने बताया कि विश्व युद्ध के दौरान इस जीवाणु का उपयोग जैविक हथियार के रूप में किया गया था।

## महिला से लूट का प्रयास

**खीरी।** खीरी थाना के अन्तर्गत गऊघाट पुल के निकट बने चौकी से महज सौ मीटर कि दूरी पर आजीविका मिशन के पदाधिकारी के साथ लूट की घटना को काली पल्सर सवार दो युवक ने की। जिसमे महिला से बैग लुटने कि कोशिश की गई। जिसमें मन्जू सिंह पत्नी अनिल कुमार सिंह तीस वर्ष के साथ लूट करने कि कोशिश किये। जिसमें मन्जू का बैग बच गया। जिसमें बीस हजार नगद था। लेकिन मन्जू जिस आटो से बैठकर चाकघाट से अपने घर पवारी गाँव थाना खीरी कि तरफ आ रही थी। तभी कोरांव से विपरीत दिशा मे आ रहे युवकों ने आटो से आ रही मन्जू का बैग छीनने का प्रयास किये कि तभी मन्जू आटो से गिर गयी जिसमे मन्जू को गम्भीर चोटे आयी लेकिन आटो वाले सवारी उतर कर दौडाये तो बाइक सवार युवक भाग गये ।

## देश और प्रदेश में अब परिवर्तन की जरूरत : श्यामाचरण गुप्त

**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के कोरांव विधान सभा का संस्कृत पाठशाला में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद श्यामाचरण गुप्ता ने व योगेश यादव सपा के जिलाध्यक्ष ने भी पदाधिकारियों की होंशला आफजाई की। तथा पत्रकारों को डायरी पेन भेंट कर माल्यार्पण कर खैर मकदम किया।

मुख्य अतिथि श्री गुप्त ने कहा कि पार्टी कार्यकताओं के बल पर ही चलती है। निर्वाचित पदाधिकारी कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाए। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में अब परिवर्तन की जरूरत है। भाजपा की खिंचाई करते हुए कहा कि यह पार्टी नफरत का जहर घोलती है। शब्द जाल के जरिये चल रही है। उन्होंने कहा पार्टी




समाजवादी पार्टी के अभिनन्दन समारोह को सम्बोधित करते श्यामाचरण गुप्ता व योगेश यादव सपा लीडर

किसानों का समर्थन करती है और उसके साथ है। उन्होंने कहा कि इस पार्टी में नाम अधिक बदले जाते हैं काम कम। उन्होंने कहा कोरोना भाजपा वालों के लिए नहीं है। उन्होंने अल्पसंख्यक वर्ग व ब्यापारियों से सपा को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इसी प्रकार योगेश यादव जिलाध्यक्ष ने भी कार्यकर्ताओं को सारे मतभेद भूल कर पार्टी हित में कार्य करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ नेता जिले के वजीर खान, राधेश्याम कोल, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, किताब अली, रामदेव निडर, हरिकृष्ण यादव उर्फ ओझा, ओम प्रकाश केसरी, राम प्रवेश कुशवाहा, प्रमोद मिश्रा पयासी, राजर्स पांडेय, अवधनारायण सिंह

# प्रयागराज हलचल



## संक्षेप समाचार

### समर्पण अभियान के तहत सहयोग राशि प्रदान किया गया

**नैनी।** श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण निधि समर्पण अभियान के तहत गुरुवार को औद्योगिक क्षेत्र स्थित संडवा कला गांव निवासी विष्णु गिरि 11,000, दिनेश गिरि 51 हजार, राम सिंह यादव ने 11,000 वहीं विजय प्रताप सिंह भाग संघचालक के द्वारा एक लाख एक हजार रुपए का योगदान दिया गया। इस दौरान विभाग प्रचारक कृष्ण चंद्र, सेवा भारती विभाग के अध्यक्ष सुजीत सिंह, गुरू प्रकाश राव, उमाकांत, विनायक विनय व विपिन आदि लोग मौजूद रहे।

### गांधी शिल्प बाजार मेले का उद्घाटन आज

**प्रयागराज।** विकास आयुक्त हस्तशिल्प वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से शुक्रवार को भारतीय महिला ग्राम उद्योग संस्थान प्रयागराज की ओर से आयोजित किया जा रहा है इस मेले का उद्घाटन आर रमेश कुमार मंडला आयुक्त प्रयागराज करेंगे। विशिष्ट अतिथि के पी सिंह पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज होंगे , यह मेला त्रिवेणी मार्ग स्थित पर्यटन विभाग की प्रदर्शनी के पास परेड ग्राउंड माघ मेला के पास लगाया जा रहा है यह जानकारी निदेशक एन पी सिंह भारतीय महिला ग्रामद्योग संस्थान प्रयागराज ने दी है।

## प्रमुख सचिव ने मेला क्षेत्र का भ्रमण कर तैयारियों का लिया जायजा




माघ मेला क्षेत्र में तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे प्रमुख सचिव साधु संतों से व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी लेते हुए

**प्रयागराज।** प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन/नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश दीपक कुमार गुरूवार को मेला क्षेत्र का भ्रमण कर तैयारियों का जायजा लिया। प्रमुख सचिव सर्वप्रथम मेला क्षेत्र के सेक्टर 2 में बने अस्थायी त्रिवेणी चिकित्सालय पहुंचकर वहां की गयी व्यवस्थाओं के बारे में मुख्य चिकित्साधिकारी से जानकारी प्राप्त की। मुख्य चिकित्साधिकारी ने अस्पताल में बने प्रसव कक्ष, ओपीडी सहित अन्य चिकित्सा सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि मेला क्षेत्र में 20-20 बेड के 2 चिकित्सालय बनाये गये है। जहां पर 24 घण्टे चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित की गयी है। उन्होंने यह भी बताया कि मेला क्षेत्र के प्रत्येक सेक्टर में दो-दो प्राथमिक उपचार केन्द्र भी बनाये गये है। इस तरह से पूरे मेला क्षेत्र में कुल 10 प्राथमिक उपचार केन्द्र बनाये गये है, जहां पर चिकित्सक सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की गयी है। इसके बाद प्रमुख सचिव मेला क्षेत्र में बिनैका बाबा के साकेत धाम आश्रम शिविर तथा श्री नागेश्वर धाम अन्न क्षेत्र के महेशा आश्रम शिविर में जाकर महात्मा लोगो से मुलाकात कर उनसे व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। महात्माओं के शिविर में कल्पवास कर रहे लोगो से भी बातचीत की तथा कोविड-19 के परीक्षण कराये जाने के सम्बंध में भी कल्पवासियों से जानकारी प्राप्त की। शिविर में रह रहे कल्पवासी लोगो के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा मेला क्षेत्र में आने के पहले ही कोविड की जांच करा ली गयी थी, उनके द्वारा ये भी बताया गया कि मेला में आने के बाद निर्धारित समय के अनुसार पुनः कोविड जांच करायी गयी। महात्मा लोगो के द्वारा आश्वस्त किया गया कि शिविर में आने वाले लोगो को पहले ही जानकारी दे दी गयी है कि वे मेला क्षेत्र में आने से पहले अपनी कोविड जांच अवश्य कराकर ही मेला में आये साथ ही साथ ये भी बताया गया कि यहां पर आने वाले कल्पवासियों का निर्धारित समय के बाद पुनः कोविड जांच नियमानुसार करायी जाती है। सभी लोग मास्क का प्रयोग करते है, सैनेटाइजर की भी व्यवस्था की गयी है तथा कोविड-19 के मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। मेला प्रशासन के द्वारा की गयी व्यवस्थाओं पर महात्माजनों के द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। प्रमुख सचिव मेला क्षेत्र का भ्रमण कर पीपे के पुल तथा चकर्ड प्लेटों के द्वारा बनाये गये मार्गों के अवलोकन के साथ-साथ अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री भानु चन्द्र गोस्वामी ने मेला क्षेत्र में कोविड-19 की गाइडलाइन का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु की गयी व्यवस्थाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं /सुविधाओं के बारे में विस्तार से प्रमुख सचिव को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में मोबाइल वैन, सर्विलांश टीम के द्वारा नियमित रूप से कोविड की जांच की जा रही है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मेला, मुख्य चिकित्साधिकारी प्रभाकर राय, मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## महाप्रबंधक उत्तर मध्य और पूर्वोत्तर रेलवे ने संयुक्त क्रू लॉबी का निरीक्षण किया



निरीक्षण करते महाप्रबंधक

**प्रयागराज।** गुरूवार को महाप्रबंधक उत्तर मध्य और पूर्वोत्तर रेलवे विनय कुमार त्रिपाठी ने प्रयागराज जंक्शन स्टेशन पर संयुक्त क्रू लॉबी का निरीक्षण किया। मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मोहित चंद्रा, सीईएलई पी डी मिश्रा, सीएमपीई अनिल द्विवेदी और लोको रनिंग विंग से जुड़े अन्य अधिकारी क्रू लॉबी के निरीक्षण के दौरान उपस्थित थे। यह संयुक्त दल लॉबी प्रयागराज-पं दीन दयाल उपाध्याय, प्रयागराज-कानपुर, प्रयागराज-मानिकपुर एवं अन्य दिशाओं में कोचिंग और मालगाड़ियों को चलाने के लिए चालक दल की आवश्यकता को पूरा करता है। श्री त्रिपाठी ने क्रू लॉबी में सभी संरक्षा, प्रशिक्षण और अन्य व्यवस्थाओं की जाँच की, ताकि चालक दल ट्रेन संचालन के लिए फिट हो और अच्छी तरह से सुरक्षित और कुशल ट्रेन चलाने के लिए सभी आवश्यक सूचनाओं से लैस हो। क्रू लॉबी प्रयागराज ने एक संपर्क रहित ब्रेथेलाइजर मशीन का आविष्कार किया है। ट्रेन संचालन के लिए बुक होने से पहले किसी भी चालक के लिए श्वसन आधारित अल्कोहल जाँच आवश्यक है।

क्रू लॉबी प्रयागराज द्वारा बनाए गए इस ब्रेथलाईजर से संपर्क रहित तरीके से रनिंग स्टाफ की अनिवार्य श्वसन जाँच सुनिश्चित की जा रही है, और संपर्करहित जाँच से कोविड -19 संक्रमण के प्रसार से बचाव हो रहा है। मशीन पर स्थापित कैमरा इस अनिवार्य परीक्षण को पूरा करने वाले चालक दल का रिकॉर्ड रखता है। महाप्रबंधक द्वारा क्रू लॉबी प्रयागराज में उपलब्ध कंप्यूटर प्रशिक्षण परामर्श प्रणाली और अन्य प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया गया। उत्तर मध्य रेलवे में लागू कंप्यूटर आधारित परामर्श प्रणाली सुगठित परामर्श के साथ ही चालक दल के प्रदर्शन का मूल्यांकन भी सुनिश्चित करती है जिससे रनिंग स्टाफ के बेहतर प्रशिक्षण में सहायता मिलती है। महाप्रबंधक श्री त्रिपाठी ने संपर्क रहित ब्रेथेलाइजर परीक्षण और कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण प्रणाली जैसे नवाचारों से जुड़े प्रयागराज मंडल के प्रयासों की सराहना की और सलाह दी कि इन अच्छे कार्यों को व्यापक कार्यान्वयन के लिए सभी जोनल रेलवे और रेलवे बोर्ड के साथ साझा किया जाना चाहिए। महाप्रबंधक ने क्रू लॉबी प्रयागराज के लिए एक सामूहिक नकद पुरस्कार की भी घोषणा की। महाप्रबंधक वी के त्रिपाठी ने रनिंग स्टाफ, लोको इंस्पेक्टरों और ट्रेन संचालन से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ भी बातचीत की और बल देते हुए कहा कि चालक दल द्वारा जटिल यार्डों की रूट लर्निंग सीखना संरक्षायुक्त ट्रेन संचालन के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए यार्ड में प्रत्येक सिग्नल स्थान की बेहतर समझ और यार्ड में अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की लोकेशन की जानकारी के लिए क्रू द्वारा यार्ड के भौतिक सर्वेक्षण और यार्ड आरेख बनाने का भी निर्देश दिया। महाप्रबंधक ने क्रू लॉबी में कोविड -19 संबंधित व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया और रनिंग स्टाफ को कोविड -19 संक्रमण से बचाने के लिए क्रू लॉबी द्वारा किए गए समग्र प्रयासों पर संतोष व्यक्त किया।

## प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन एवं नगर विकास ने मेला के तैयारियों की समीक्षा की

**प्रयागराज।** प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन/नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश दीपक कुमार गुरूवार को सर्किट हाउस में बैठक कर मेला के तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने मेला क्षेत्र में पीडब्लूडी, विद्युत, स्वास्थ्य विभाग, जल निगम, सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों के द्वारा कराये गये कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने भूमि के आवंटन तथा घाटों के निर्माण के सम्बंध में भी जानकारी प्राप्त की। मेले की तैयारियों के बारे में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी श्री भानु चन्द्र गोस्वामी ने बताया कि मेला क्षेत्र में भूमि के आवंटन का कार्य लगभग पूर्ण कर लिया गया है। जैसे-जैसे संस्थायें मेला क्षेत्र में आ रही है, उनको अनुमन्य सुविधाएं मुहैया करायी जा रही है। साफ सफाई के लिए मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। विद्युत, पुल, पेयजल सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली गयी है। मेला क्षेत्र में नियमित रूप से कोविड-19 के जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। मेला क्षेत्र में गंगा जी के कटान को रोकने के लिए सिंचाई विभाग के द्वारा पूरी व्यवस्थायें पूर्ण रूप से सुनिश्चित कर ली गयी है। घाटों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही साथ उन्होंने ये भी बताया है कि आवश्यकतानुसार घाटों की व्यवस्था सुनिश्चित रहेगी। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में पार्किंग स्थल एवं चेजिंग रूम की भी व्यवस्था पूर्ण कर ली गयी है। इसके अलावा आवश्यकतानुसार और पार्किंग स्थल तथा चेजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के की व्यवस्थाओं के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मेला क्षेत्र में प्रत्येक कैम्पों में विद्युत की व्ययवस्था के साथ ही एमसीबी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है, जिससे कि विद्युत के शार्ट सर्किट से किसी भी तरह के घटना को रोका जा सके। बैठक में मण्डलायुक्त आर0 रमेश कुमार, एडीजी-प्रेम प्रकाश, आईजी-के0पी0 सिंह, नगर आयुक्त-रवि रंजन, पीडीए उपाध्यक्ष-अंकित अग्रवाल, डीआईजी/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी, एस0पी0 मेला आर0एन0 मिश्रा, एस0पी0 क्राइम-आशुतोष मिश्रा, मेलाधिकारी-विवेक चतुर्वेदी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मण्डलायुक्त तथा अपर पुलिस महानिदेशक के द्वारा सड़क सुरक्षा माह का किया गया शुभारम्भ




हरी झण्डी दिखाकर सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ करते मण्डलायुक्त व अपर पुलिस महानिदेश व प्रचार झण्डों/बैनर के साथ लोगों को जागरूक करते प्रचार वाहन

**प्रयागराज।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन) अल्का शुक्ला ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि गुरूवार को प्रथम राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह दिनांक 21.01.2021 से 20.02.2021 का उद्घाटन प्रदेश स्तर पर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लखनऊ से किया गया। तदुपरान्त शासन के निर्देशों के क्रम में यह निर्देशित किया गया कि उक्त सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ प्रत्येक जनपद में भी किया जाना है, जिसके क्रम में आज जनपद प्रयागराज में पुलिस लाइन के प्रांगण में प्रातः 11.00 बजे सड़क सुरक्षा माह का विधिवत प्रारम्भ मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 श्री प्रेम प्रकाश तथा मण्डलायुक्त प्रयागराज आर0 रमेश कुमार के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज जोन के0पी0सिंह, पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के अतिरिक्त सम्मानित मीडिया के समस्त पत्रकार बन्धु, लोक निमार्ण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता ए0के0 द्विवेदी, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, उ0प्र0राज्य सड़क परिवहन निगम, रेड क्रास,बस यूनियन के प्रतिनिधि, ट्रक यूनियन के प्रतिनिधि, आटो-टैम्पो टैक्सी यूनियन से विनोद चन्द्र दुबे तथा रघुनाथ द्विवेदी के साथ पुलिस विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारीगण तथा परिवहन विभाग से राजेश कुमार मौर्य, सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रयागराज, आर0के0 सिंह सम्भागीय परिवहन अधिकारी(प्रवर्तन) प्रयागराज, सियाराम वर्मा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) प्रयागराज, भूपेश कुमार गुप्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रयागराज प्रथम दल, सुरेश कुमार मौर्य सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) तृतीय दल, यात्रीकर अधिकारी, प्रयागराज एवं अन्य समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

उक्त कार्यक्रम में प्रथम सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका संचालन आर0के0सिंह सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रयागराज द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आर0के0सिंह द्वारा प्रदेश तथा जनपद में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का उल्लेख करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अधिकारियों/प्रतिनिधियों/ आम जनमान से वाहन चलाते समय यातायात नियमों एवं संकेतों का अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु जागरूक किया गया तथा उन्हें इस हेतु प्रेरित भी किया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस महानिदेशक श्री प्रेम प्रकाश द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित सामान्य नियमों एवं संकेतों से अवगत कराते हुए यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया तथा यह सुझाव दिया गया कि सड़क सुरक्षा माह के प्रथम सप्ताह में केवल सड़क सुरक्षा कार्यक्रम से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाये इसके पश्चात प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा सघन प्रवर्तन कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

उक्त कार्यक्रम में मण्डलायुक्त प्रयागराज आर0 रमेश कुमार द्वारा इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि उक्त कार्यक्रम में भी संबंधित विभागों को आपस में समन्वय बनाने की आवश्यकता है। पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज जोन के0पी0 सिंह द्वारा इस बात की ओर इंगित किया गया कि वाहन चालकों के डयूटी घण्टे निर्धारित किये जायें तथा सभी स्टेक होल्डर की इस संबंध में जिम्मेदारी निर्धारित की जाये। कार्यक्रम के अन्त में पुलिस उप महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों/ प्रतिनिधियों को आभार व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन करने हेतु अनुरोध किया गया।

अन्त में सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रचार झण्डों/बैनर के साथ प्रचार वाहन तथा पुलिस बल के 50 मोटरसाइकिल सवारों तथा आम जनता के 25 से अधिक मोटर साइकिल चालकों को सड़क सुरक्षा जागरूकता से संबंधित बाइकोत्थान रैली को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वय द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त बाइकोत्थान रैली पुलिस लाइन प्रांगण, प्रयागराज से धोबीघाट चैराहा होते हुए सुभाष चैराहा पर समाप्त हुई। सुभाष चौराहे से पुलिस बल के 50 बाइक सवार गंगापार, यमुनापार एवं नगर के विभिन्न मार्गों पर प्रचार-प्रसार हेतु निकल गये।

इस कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य माननीय मुख्यमंत्री जी महोदय, उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये सन्देश के अनुसार सड़क सुरक्षा के नियमों को जनजागरूकता के आधार पर जन-जन तक पहुंचाने के साथ सड़क सुरक्षा माह के उपरान्त कठोर प्रवर्तन कार्यवाही भी सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये गये।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक
स्वामी श्री योगी सत्यम

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025

## ढाई माह पूर्व अगवा की गई युवती बरामद, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

**शंकरगढ़।** नवंबर माह में अगवा की गई युवती को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने बताया कि उसे शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के पास से बरामद किया गया है। इस संबंध में अगवा युवती के परिजनों ने एक को नामजद करते हुए पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई थी। यह मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम देवरी बेनी का है। पुलिस उप महानिरीक्षक सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के निर्देशन में जनपद में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के तहत एसपी यमुनापार व सीओ बारा अजीत कुमार रजक के निर्देशन में एसओ शंकरगढ़ राजेश उपाध्याय व उनकी टीम द्वारा लगभग ढाई माह पूर्व अगवा की गई युवती को गुरुवार को शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया गया। एसओ राजेश उपाध्याय ने बताया कि देवरी बेनी की एक महिला ने अपनी बेटी के अगवा होने की तहरीर 11 जनवरी को दिया, जिसमें बताया कि उसकी बेटी को बीते नौ नवंबर को अगवा कर लिया गया और शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। इसके बाद उसने काफी प्रयास किया, पर उसकी बेटी को छोड़ा नहीं गया। महिला की इस तहरीर पर पुलिस ने मुकेश प्रजापति सहित चार अन्य के खिलाफ सुसंगत धाराओं में एफअ‍ाईआर दर्ज की और आरोपी के साथ ही युवती की तलाश शुरू कर दी है। इसमें पुलिस ने एससीएसटी एक्ट की भी धारा लगाई थी।गुरुवार को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर युवती को बरामद कर लिया गया, जबकि आरोपियों की तलाश जारी है। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। बरामद करने वाली टीम में एसओ राजेश उपाध्याय के साथ कांस्टेबल सुनील कुमार यादव, महिला कांस्टेबल पिंकी यादव आदि मौजूद रहीं।

## प्रेरक ब्लॉक बनाने में कौड़िहार के बढ़ते कदम : सीईओ




बैठक में शामिल बीईओ शिव कुमार यादव और संतोष कुमार यादव व प्रेरणा लक्ष्य पर आधारित बनाई गई ट्रेन की सराहना करते अधिकारी

**मिशन प्रेरणा के तहत लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कौड़िया ब्लाक के शिक्षकों ने दिखाई संजीदगी।**

**जांच रिपोर्ट की बुनियाद पर महानिदेशक उत्तर प्रदेश स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने कोरियर को बताया मॉडल ब्लॉक।**

**बैठक में शामिल बीईओ चाका संतोष कुमार यादव ने अपने ब्लॉक में कौड़िहार मॉडल पर शिक्षकों से करेंगे चर्चा।**

**लालगोपालगंज।** परिषदीय विद्यालयों को दुल्हन जैसे सजाने संवारने के साथ शैक्षिक वातावरण को बेहतर बनाने के लिए शिक्षक गंभीर नजर आ रहे हैं। प्रेरणा मिशन के उद्देश्यों को लेकर प्रतिमा एनपीआरसी सतह पर बैठकें आयोजित हो रही हैं। मैं विभागीय अधिकारियों के साथ सपोर्टिव टीम हर संभव सहयोग कर रहे हैं। कौड़िहार के स्कूलों की जांच रिपोर्ट ने ब्लॉक को मॉडल स्कूल के तौर पर पेश किया जा रहा है।

कौड़िहार ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय पाठक का पूरा में गुरुवार को शिक्षक स्कूलों की मासिक बैठक हुई। की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने किया। जबकि बैठक में चाचा विकासखंड बीईओ संतोष कुमार यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। बैठक में उपस्थित अध्यापकों से प्रेरणा लक्ष्य के उद्देश्यों पर चर्चा की गई। इसी दौरान एक सप्ताह पूर्व कौड़िहार ब्लाक के कुछ विद्यालयों का लखनऊ की गठित टीम के जांच किए जाने के साथ महानिदेशक उत्तर प्रदेश स्कूल शिक्षा एवं परियोजना निदेशक विजय किरण आनंद को सौंपी गई रिपोर्ट का जिक्र किया गया। चाका अंडर शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार यादव ने बताया कि बीते दिनमहानिदेशक उत्तर प्रदेश स्कूल शिक्षा एवं परियोजना निदेशक विजय किरण आनंद ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक में कौड़िहार ब्लॉक के स्कूलों की लगभग 15 मिनट तक चर्चा की। जिसमें कोविड-19 के चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में घर बैठे बच्चों को विभिन्न माध्यम से लक्ष्य प्राप्त कराने की सराहना की। शुक्रवार को चाका ब्लाक के शिक्षकों के साथ बैठक कर मैं स्वयं कौडिहार मॉडल पर शिक्षकों से चर्चा करूंगा। डीजी ने पूरे प्रदेश के बीईओ के सामने कौड़िहार ब्लॉक को मॉडल ब्लॉक के तौर पर पेश किया। आगे बताया कि कौड़िहार ब्लाक के स्कूल और अध्यापकों से आज बात करने के लिए शिक्षक संकुलों की बैठक में शामिल हुआ हूं। लेकिन महानिदेशक उत्तर प्रदेश स्कूल शिक्षा एवं परियोजना निदेशक विजय किरण आनंद के इस एतमाद और भरोसे को बरकरार रखने की जरूरत है। कौड़िहार ब्लाक के शिक्षकों को अब और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार यादव ने ब्लॉक के उपस्थित शिक्षकों को जी जान और पूरी इमानदारी से कौड़िहार ब्लाक को प्रेरक ब्लॉक बनाने में सहयोग करेंगे। बैठक में उपस्थित लोगों का शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष राधा कृष्ण धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर महामंत्री बालेंद्र पांडे, एआरपी जय सिंह, प्रभा शंकर शर्मा, विष्णु कुमार मिश्रा, अल अमीन अंसारी, शिक्षा संकुल इमरान कलीम, मदन मोहन शुक्ला, सुधा त्रिपाठी, कौशलेंद्र पांडे, एए अंसारी मौजूद रहे। बैठक में आचार्य प्रधानाध्यापिका सुमन वर्मा और सोनी यादव की अहम भूमिका शामिल रही।

## संक्षेप समाचार

### राम जन्मभूमि समर्पण निधि समर्पण महाअभियान हेतु निकली शोभायात्रा

**कौशांबी।** श्री राम जन्मभूमि समर्पण निधि महाअभियान के तत्वावधान में एक भव्य शोभायात्रा विभाग व्यवस्था प्रमुख श्री कृष्ण पाण्डेय के नेतृत्व में बृहस्पतिवार को पूरब शरीरा व पश्चिमसरीरा मे निकाली गई शोभायात्रा पुनवार चौराहे से चलकर पश्चिमसरीरा बाजार से होकर हनुमान मंदिर चौराहा पहुंची फिर पूरबसरीरा होकर मां झारखंडी का आशीर्वाद लेकर समाप्त हुई । यात्रा के दौरान जै श्री राम का उद्घोष करते हुए भगवा ध्वज लिए हजारों लोग सम्मिलित हुए और भगवान श्रीराम के मंदिर के लिए समर्पण के लिए अपील की समापन पर श्री कृष्ण पाण्डेय ने बौद्धिक में कहा श्री राम समस्त हिन्दुओं के आस्था के केन्द्र हैं। शोभायात्रा में पूर्व जिलाध्यक्ष उदयन सिंह मंडल अध्यक्ष भास्कर जी दिनेश पाण्डेय हरीश मलखान प्रद्युम्न ज्ञानेश्वर आदि रहे।

### सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग की मौत

**कुंडा।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के फतेहउल्लापुर निवासी कल्लू उर्फ मो. अहमद (58)गत 11 जनवरी को सड़क हादसे में घायल हो गया था। गंभीर हालत में उसे सीएचसी से प्रयागराज रेफर किया गया था। बुधवार को चिकित्सकों ने उसे लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। परिजन अहमद को लेकर घर आ गए। दूसरे अस्पताल में ले जाने की व्यवस्था करने लगे, लेकिन गुरुवार को घर पर ही उसकी सांस थम गई। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा कराकर उसे पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

### साइकिल चोर को पकड़ा

**बाघराय।** स्थानीय बाजार में हेयर कटिंग सैलून व जनरल स्टोर के सामने खड़ी साइकिल को चुरा कर भाग रहे चोर का पीछाकर ग्रामीणों ने दबोच लिया। पुलिस चोर को अपने साथ थाने ले गयी। हेयर कटिंग सैलून के मालिक के लड़के ने चोर को साइकिल ले जाते देखकर अपने पिता को बताया। साइकिल चोरी होने की बात सुनकर दुकानदार अपने लड़के को मोटरसाइकिल पर बैठाकर साइकिल सहित भाग रहे चोर का पीछाकर उसे रायपुर जलालपुर गांव के पास साइकिल सहित दबोच लिया।

## चालकों के लापरवाही से बढ़ती हैं दुर्घटनाएं : विधायक



राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत सपथ लेते जनपद के तीनों विधायक व डीएम

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत आज शासन/परिवहन विभाग के निर्देश पर वाहन दुर्घटना पर प्रभावी रोकथाम के लिए गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय मंझनपुर में आयोजित गोष्ठी में जनपद के तीनों विधायक, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व उपसंभागीय परिवहन अधिकारी समेत कई विभाग के विभागाध्यक्ष व सामाजिक संगठन के लोग मौजूद रहे। इस मौके पर जागरूकता अभियान की रैली निकाली गई तो मौजूद लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से परिवहन विभाग के कई योजनाओं का उद्घाटन कर किया।

जनपद कौशाम्बी में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संजय गुप्ता,शीतल प्रसाद पटेल एवं लाल बहादुर ने कहा कि सड़क दुर्घटना में असमय लोगों की जानें जाती है। हादसे का शिकार हुए लोगों को जीवन भर के लिए किसी न किसी तरह से कष्ट मिलता है। विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि चालको के लापरवाही से दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ती हैं ।अतः वाहन चलाते वक्त यातायात नियमों का पालन अवश्य करें तथा लोगों को जागरूक होना चाहिए, जिससे दुर्घटनाओं में रोक लग सके। जिलाधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि देश में सबसे अधिक मौतें सड़क दुर्घटना में होती है। इसलिए वाहन चलाते समय चालक को एतिहात बरतना चाहिए, जिससे दुर्घटना की संभावना ही उत्पन्न ना हो सके। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने कहा किस मार्ग हादसों में घायलों व मृत व्यक्तियों को अस्पताल या पोस्टमार्टम हाउस पहुंचाने में पुलिस कर्मियों को काफी मेहनत व मशक्कत करनी पड़ती है। यदि मार्ग हादसों में रोक लगेगी तो पुलिसकर्मियों का वही समय किसी अन्य कार्य में लगाया जा सकता है। उप संभागीय परिवहन अधिकारी शंकर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है की सड़क दुर्घटना के आंकड़े को शून्य किया जाए इस हेतु आवश्यक हैं कि हम हेलमेट और सीटबेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। गोष्ठी व अन्य कार्यक्रमों के आयोजन का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाना हैं इस हेतु यह आवश्यक हैं कि इस तरह का आयोजन को सफल बनाया जाय। उन्होंने लोगों से अपील किया कि यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं। इस मौके पर जनपद के तीनों विधायकों ने मौजूद लोगों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाया कि वह यातायात नियमों का पालन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान जन जागरूकता अभियान रैली निकाली गई जी मंझनपुर चौराहा से जिला अस्पताल तक पैदल रैली में जनप्रतिनिधि, पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों समेत सामाजिक संगठन के लोग शामिल हुए। जिसमें ,यातायात निरीक्षक रविन्द्र त्रिपाठी व उनकी टीम के लोग उपस्थिति रहे।यह कार्यक्रम 17 फरवरी तक निरंतर जारी रहेगा।

### बीच सड़क गोष्ठी करना कहां है यातायात का नियम

**कौशांबी।** यातायात के नियमों की जानकारी के लिए मंझनपुर चौराहे की मुख्य सड़क पर पांडाल लगाकर गोष्ठी आयोजित की गई थी यातायात नियमों की जानकारी देने वालों को इस बारे में विचार करने की जरूरत है सड़क पर पांडाल लगाकर आयोजक कर यातायात नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं आम जनता से यातायात नियमों के पालन की वह कैसे उम्मीद रख सकते हैं इसलिए यातायात की गोष्ठियों में भी यातायात के नियमों का पालन आवश्यक है।




वैक्सीन टीकारण को लेकर तहसील टास्क फोर्स की बैठक

### वैक्सिन टीकाकरण : तहसील टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**कौशाम्बीः** तहसील सिराथू के सभागार में गुरुवार को कोरोवैक्सिन का टीका लगाने के सम्बंध में तहसील स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कर चर्चा कर की गई। इस दौरान एसडीएम सिराथू ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सिराथू तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी सिराथू राजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कोरोवैक्सिन टीका लगाए जाने के सम्बंध में तहसील टास्क फोर्स की बैठक कर चर्चा की गई । बैठक की अध्यक्षता कर रहे उपजिलाधिकारी सिराथू ने कोरोवैक्सिन टीका लगाने की तैयारियों का जायजा लेते हुए चर्चा की जिसमे 747 लोगो का लक्ष्य निर्धारित किया गया जिसमें आशा बहुए आंगनबाड़ी एव समस्त स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को कोरोना का वैक्सीन लगाया जाएगा । बैठक में बताया गया कि उच्चाधिकारियों की सूचना पर अभी समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू में टीकाकरण की आवश्यकता नही है साथ ही प्रथम चरण में आशा , आंगनबाड़ी व समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना वैक्सिनेश के टीके लगेंगे दूसरे चरण में सभी विभागों के कर्मचारियों का टीकाकरण किया जाएगा साथ ही तीसरे चरण में ग्रामीण स्तर पर टीकाकरण किया जाएगा ।बैठक में उपजिलाधिकारी सिराथू ने बताया कि टीकाकरण समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिराथू में ही किया जाएगा । पहले सोमवार व शुक्रवार को तीन सत्रों में व दूसरे सोमवार व शुक्रवार को दो सत्रों में टीकाकरण किया जाएगा जिसमे शुक्रवार को छूटे हुए व्यक्तियों का टीकाकरण किया जाएगा । टीकाकरण हेतु कमरे व कर्मचारियों को तैयार कर दिया गया है। इस दौरान एसडीएम सिराथू ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को टीकाकरण हेतु आवश्यक निर्देश भी दिए । बैठक में एसडीएम सिराथू राजेश कुमार श्रीवास्तव , तहसीलदार सिराथू सन्तोष कुमार सीएचसी प्रभारी सिराथू डॉ हेमन्त विशेन बीपीएम कड़ा प्रदीप सिंह सीडीपीओ कड़ा ज्ञानमती ,डब्ल्यूएचओ एफएम रोहिताश्व द्विवेदी बीपीएम मनोज प्रताप सिंह बीआरसी कड़ा से रामबाबू यूनिसेफ बीएमसी हिना खान व छेददी देवी आदि लोग मौजूद रहे।

## तीन सराफा दुकानों का शटर तोड़ लाखों की चोरी



सराफा की दुकान में चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

**कुण्डा।** एक ही रात में बाजार की तीन सराफा दुकानों का शटर तोड़कर चोरों ने लाखों की चोरी की। दुकान में रखी नकदी के साथ सोने-चांदी के जेवर समेट लिए। सुबह घटना की जानकारी होते ही व्यापारियों में आक्रोश फैल गया। माल की बरामदगी व आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग पर दुकानें बंद कर दीं। पुलिस ने समझाया तो शांत हुए।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के लवाना बाजार में पुलिस चैकी के बगल न्यू मार्केट स्थित दीपचंद सोनी की दुकान का शटर तोड़कर बुधवार रात चोर भीतर घुस गए। दुकान में रखी करीब 10 किलो चांदी, 35 ग्राम सोना उठा ले गए। इसी बाजार में मानिकपुर रोड पर अभिनव उर्फ विनय सोनी की दुकान का शटर तोड़कर चोर 500 ग्राम चांदी, 50 ग्राम सोना और 54 हजार रुपये नकद ले गए। नौलखा मंदिर के पास स्थित गोपाल सोनी की दुकान का भी शटर तोड़कर चोर भीतर घुसे, लेकिन खटपट की आवाज से किसी के आने की आहट पर चोर दुकान खुली छोड़कर वहां से भाग निकले। दीपचंद ने तीनों दुकानों की एक साथ तहरीर दी। नाराज व्यापारियों ने पुलिस चैकी के बगल में लाखों की चोरी के विरोध में दुकानें बंद कर दीं। एसओ फोर्स के साथ पहुंचे तो व्यापारियों ने माल बरामदगी और आरोपितों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। एसओ अखिलेश प्रताप सिंह का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपितों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

## एसओ सहित 12 पुलिसकर्मियों पर हत्या की एफआईआर का आदेश

### पुलिस दबिश के दौरान वृद्ध की हुई थी मौत

**प्रतापगढ़।** लालगंज इलाके के बाबूतारा में 19 सितंबर 2020 की रात सांगीपुर पुलिस की दबिश के दौरान मकबूल (60) की मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजन पुलिस पर हत्या का आरोप लगा रहे थे। पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की तो मकबूल के बेटे रमजान खान ने कोर्ट में वाद दायर किया। आरोप लगाया कि 19 सितंबर की रात एसओ सांगीपुर प्रमोद सिंह, एसआई रामअधार यादव, गणेश दत्त पटेल, सिपाही राम मिलन, रविशंकर, श्रवण कुमार, रामनिवास व 4-5 अन्य ने उसके घर दबिश दी। इस दौरान उनके पिता की बंदूक के कुंदे से मारकर हत्या कर दी। मामले की सुनवाई के बाद सीजेएम कमल सिंह ने पुलिस को एफआईआर दर्ज कर विवेचना करने का आदेश दिया। एक सप्ताह में एफआईआर की कॉपी कोर्ट में प्रस्तुत करने को कहा।

## डीएम ने बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

### वाहन चलाते समय करें यातायात के नियमों का पालन : जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने आज कैम्प कार्यालय परिसर से सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता हेतु बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि वाहन चलाते समय यातायात के सभी नियमों का पालन करने के साथ ही 18 वर्ष से कम बच्चों को वाहन न चलाने दें, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाये और मोटर साईकिल व स्कूटर चलाते समय हेलमेट का सदैव प्रयोग करें क्योंकि हेलमेट सिर पर भारी चोट लगने की सम्भावना को 70 प्रतिशत तक कम करता है। उन्होने कहा कि नशे की हालत में एवं मोबाइल पर बात करते हुये वाहन न चलाये तथा तेजगति से वाहन न चलाये और स्टंट आदि बिल्कुल न करें। प्रेसर हार्न का प्रयोग न करें और पायदान पर लटककर यात्रा न करें, बिना लाइसेन्स के गाड़ी न चलाये और न ही किसी से चलवाये। इस अभियान के अन्तर्गत नियमों के पालन हेतु ओवरलोडिंग, ओपर स्पीडिंग, नशे में ड्राइविंग, रांग साइड ड्राइविंग, ड्राइविंग के समय मोबाईल फोन के प्रयोग के विरूद्ध व्यापक अभियान चलाया जायेगा एवं चालान सम्बन्धी कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सम्बन्धित विभागों समन्वय स्थापित कर परिवहन विभाग द्वारा तिथिवार दी गयी गतिविधियों को गम्भीरता के साथ सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। सड़क सुरक्षा माह अभियान का कार्यक्रम दिनांक 17 फरवरी 2021 तक चलाया जायेगा। बाइक रैली कैम्प कार्यालय परिसर से निकलकर शहर के विभिन्न चैराहों पर जाकर आमजन मानस को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। सड़क सुरक्षा माह अभियान के दौरान दिनांक 22 जनवरी को ग्रामीण क्षेत्रों में हेलमेट एवं सीटबेल्ट के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किया जायेगा एवं चेकिंग अभियान चलाया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।




बाइक रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना रवाना करते डीएम



गरूण वाहन अभियान की अगुवाई करते सीओ रानीगंज

## सीओ ने किया गरुन वाहन अभियान की अगुवाई

**रानीगंज।** क्षेत्राधिकारी रानीगंज डॉक्टर अतुल अंजान त्रिपाठी की अगुवाई में गरुण वाहन अभियान के तहत रानीगंज पुलिस ने जगह जगह वाहन चेकिंग किया। पुलिस ने रानीगंज की बैंकों के इर्द गिर्द खड़ी बाइक मालिकों से पूछताछ किया। सीओ की अगुवाई में गरुण वाहन पूरे इलाके में गुजरा। अभियान के तहद रानीगंज पावर हाउस, दुगागंज बाजार सहित क्षेत्र की कई बाजारों में वाहनों की चेकिंग के साथ साथ अपराधियों पर भी कड़ी निगाह रखी गयी।क्षेत्राधिकारी डा0 अतुल अंजान त्रिपाठी ने बाइक चलाकर अभियान की अगुवाई की।

## कस्बे के लाइन लास फीडरों पर विजिलेंस टीम की छापेमारी

**पट्टी।** विद्युत विभाग की विजिलेंस टीम पट्टी कस्बे में स्थानीय अधिकारियों के साथ छापेमारी कर रही है। पट्टी कस्बे के सिविल लाइन,रायपुर रोड तथा ढकवा मोड़ फीडर लाइन लास पर चल रहे हैं। विद्युत विभाग एसडीओ एसबी प्रसाद ने बताया कि जितने की बिजली विभाग द्वारा बेची जा रही है। उतना भुगतान विभाग को प्राप्त नहीं हो रहा है। ऐसे में विभाग का राजस्व घट जाने के कारण शासन के निर्देश पर जिन फीडरों पर लाइन लास की दिक्कत आ रही है। वह बिजनेस टीम को छापेमारी के लिए लगाया गया है। विभाग का राजस्व बढ़ाने के लिए ही शासन में कमर्शियल कनेक्शन आटा चक्की, स्कूल कॉलेज बकाया विद्युत बिलों में सर चार्ज की पूरी माफी दी है। समाधान योजना के तहत लोगों को रजिस्ट्रेशन कराने के साथ आसान किस्तों में बिल का भुगतान किया जाना है। विभाग के लाख प्रयास के बावजूद भी उपभोक्ता इस समस्या पर गौर नहीं कर रहे हैं। पट्टी कस्बे में बिजनेस की छापेमारी से उपभोक्ताओं में हड़कंप मचा रहा बिजनेस टीम में अवर अभियंता शिव प्रसाद, बिजनेस प्रभारी लाल जी के साथ जेई अमित पाल के साथ विभाग के तमाम लाइनमैन व विद्युत कर्मी मौजूद रहे।



पट्टी कस्बे में छापेमारी के दौरान मौजूद विजिलेंस टीम

## पांच महीने से उप डाकघर का नेटवर्क फेल

**प्रतापगढ़।** कटरा मेदनीगंज क्षेत्र के उप डाकघर प्रतापगढ़ सिटी में पांच माह से नेटवर्क फेल होने से ग्राहकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।उक्त डाकघर में बीएसएनल और सिफी के नेटवर्क लगाये गये हैं।दोनों ही नेटवर्क विगत28 अगस्त 2020 से फेल चल रहे है। नेटवर्क फेल चलाने से उक्त उप डाकघर के ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डाकघर के एक कर्मचारी ने बताया कि नेटवर्क फेल होने की वजह से हम लोग र 25 हजार तक का पेमेंट किसी तरह से दूसरे डाकघर से करवाते हैं। इसके लिये ग्राहकों को परेशानी का सामना भी करना पड़ता है। सर्वर खराब चलने की सूचना मुख्य शाखा को दी गयी है किंतु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

## डीएम ने नगर पालिका एवं टाउन एरिया क्षेत्र में साप्ताहिक बन्दी की तिथियां निर्धारित की

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 की धारा 8(2) सपठित उ0प्र0 दुकान और वाणिज्य अधिष्ठान नियमावली 1963 के नियम-6 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये उ0प्र0 दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम-1962 के अन्तर्गत नगर पालिका क्षेत्र बेल्हा जिसमें चिलबिला तथा माधोगंज (महुली) सम्मिलित है तथा टाउन एरिया पट्टी, कटरा मेंदनीगंज, कुण्डा, मानिकपुर व प्रतापगढ़ सिटी, सबलगढ़ डेरवा बाजार के लिये कैलेण्डर वर्ष 2021 में साप्ताहिक बन्दी के दिवसों का निर्धारण करते हुये आदेश पारित किया है, यह आदेश दिनांक 31 दिसम्बर 2021 तक लागू रहेगा। जिलाधिकारी ने साप्ताहिक बन्दी के क्रम में बताया है कि टाउन एरिया पट्टी की समस्त दुकानें वाणिज्य अधिष्ठान (नाइयों की दुकान छोड़कर) रविवार को बन्द रहेंगी, नगर पालिका क्षेत्र चिलबिला एवं माधोगंज (महुली) एवं टाउन एरिया कुण्डा की सभी दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान व नगर पालिका बेल्हा-प्रतापगढ़, चिलबिला-माधोगंज की समस्त नाइयों की दुकाने मंगलवार को बन्द रहेंगी।

टाउन एरिया कटरा मेंदनीगंज, प्रतापगढ़ सिटी की समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान बुधवार को बन्द रहेगें, टाउन एरिया मानिकपुर की समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान वृहस्पतिवार को बन्द रहेंगे। इसी प्रकार टाउन एरिया पट्टी में स्थित समस्त नाइयों की दुकानें व नगर पालिका क्षेत्र बेल्हा (चिलबिला व माधोगंज के अतिरिक्त) में स्थित समस्त दुकानें एवं वाणिज्य अधिष्ठान तथा सबलगढ़ डेरवा बाजार की समस्त दुकानें बन्द रहेंगी।

## साढ़े चार लाख की अवैध शराब पकड़ी गई



सांगीपुर में पकड़ी गई अवैध देशी शराब

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर पुलिस ने बुधवार रात पूरे सूबेदार ओरीपुर नौगीर में दबिश दी। इस दौरान एक आरोपित को घर से गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने कुछ दूर से 28 पेटी अवैध देशी शराब (1276 शीशी) व तीन ड्रम में 150 लीटर अपमिश्रित शराब बरामद की। पुलिस बरामद शराब की कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपये बता रही है। मौके से लगभग 20 लीटर केमिकल एवं भारी मात्रा में रैपर, ढक्कन एवं एक स्कार्पियो भी पुलिस ने बरामद की। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार आरोपित नन्हेलाल सरोज है। तीन अन्य फरार हो गए।

### रिजर्वेशन को लेकर रानीगंज विधायक ने मंडल रेल प्रबंधक से की भेंट

**रानीगंज।** रानीगंज तहसील मुख्यालय का दादूपुर पुर रेलवे स्टेशन की मूलभूत समस्याओं को लेकर रानीगंज विधायक धीरज ओझा ने मुख्य रेल प्रबंधक से मुलाकात की ।उन्होंने दादूपूर रेलवे स्टेशन की समस्याओं से उनको रूबरू कराया और तहसील स्थित रेलवे स्टेशन दादूपुर पर यात्रियों की सुविधा हेतु आरक्षण केंद्र स्थापित किए जाने के संबंध में कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार द्वारा दादूपुर रेलवे स्टेशन के नाम परिवर्तन के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्रालय की सहमति के पश्चात महामहिम राज्यपाल की स्वीकृति के पश्चात नाम लेखन और लोकार्पण सुनिश्चित करने की मांग की । बतादें कि कुछ दिनों पहले विधायक धीरज ओझा द्वारा दादूपूर रेलवे स्टेशन को लेकर केन्द्र व राज्य सरकार से मांग की गई थी की दादूपुर रेलवे स्टेशन का नाम परिवर्तित कर वाराही देवी हो।

## गोष्ठी, प्रदर्शनी एवं किसान मेले का हुआ आयोजन

**प्रतापगढ़।** जनपद में किसान कल्याण मिशन अभियान के अन्तर्गत 04 विकास खण्डों में आसपुर देवसरा, बाबा बेलखरनाथ धाम, रामपुर संग्रामगढ़ एवं बाबागंज गोष्ठी, प्रदर्शनी एवं किसान मेले का आयोजन किया गया। किसान कल्याण मिशन के अन्तर्गत मेले/गोष्ठी का मुख्य अतिथि के रूप में विकास खण्ड बाबागंज में भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र, विकास खण्ड रामपुर संग्रामगढ़ में ब्लाक प्रमुख पूजा देवी, विकास खण्ड आसपुर देवसरा एवं बाबा बेलखरनाथ धाम में मंत्री मोती सिंह के प्रतिनिधि विनोद पाण्डेय सहित सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा उद्घाटन किया। विकास खण्डों में आयोजित गोष्ठी, प्रदर्शनी एवं किसान मेले में आये हुये कृषकों को पशुपालन, बागवानी तथा कृषि आधारित उद्योग के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी जिससे आने वाले समय में किसान की आमदनी दोगुनी हो सके। इस अभियान के अन्तर्गत स्थानीय स्तर पर लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यामिता इकाईयों तथा ग्राम्य विकास के आजीविका मिशन के अन्तर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों के द्वारा उत्पादित प्रमुख उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगायी गयी एवं विभिन्न प्रकार की कृषि तकनीकी के प्रदर्शन भी कराये गये। इस कार्यक्रम में सांसद कौशाम्बी, विधायकगण एवं जनप्रतिनिधियों ने केन्द्र एवं प्रदेश सरकारी द्वारा किसानों के हित में चलायी जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में किसानों बन्धुओं को विस्तृत पूर्वक जानकारी दी कि वह किस प्रकार से खेती व अन्य माध्यमों से अपनी आय में वृद्धि कर सकते है।



किसान कल्याण मिशन के अन्तर्गत आयोजित किसान मेला एवं गोष्ठी